**पूर्व मध्य रेल**
**(रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ),**
**पोलसन कॉम्पलेक्स,दीघाघाट, पटना –800011**

# भूवपूर्व सैनिकों की संविदा के आधार पर गेटमैन के पदों पर भर्ती

**रोजगार सूचना सं0–आरआरसी/ईसीआर/ईएसएम/संविदा/2018 दिनांकः 17.08.2018**

1. **आवेदन की अन्तिम तिथिः** (26.08.2018, 05.09.2018 तथा 15.09.2018)

   i. दिनांक 26.08.2018 तक प्राप्त आवेदनों पर प्रथम चरण में विचार किया जाएगा।

   ii. प्रथम चरण में रिक्तियॉ शेष रह जाने की दशा में दिनांक 05.09.2018 तक प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जायेगा।

   iii. यदि कोई रिक्तियॉ शेष रह जाती हैं तो दिनांक 15.09.2018 तक प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जायेगा।

2. **रिक्तियों का विवरणः कुल 1489 पद**

   दानापुर मण्डलः – 174

   धनबाद मण्डलः – 50

   मुगलसराय मण्डलः – 200

   सोनपुर मण्डलः – 90

   समस्तीपुर मण्डलः – 975

3. **चयनित भूतपूर्व सैनिकों का कार्यस्थलः** चयनित भूतपूर्व सैनिकों को निम्न मण्डलों पर स्थित समपार फाटकों पर नियुक्त किया जायेगा।

i. **दानापुर मण्डलः** शेखपुरा, पटना, नवादा, नालन्दा एवं गया।

ii. **धनबाद मण्डलः** धनबाद, बोकारो, पलामू, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, सोनभद्र एवं सिंगरौली।

iii. **मुगलसराय मण्डलः** भोजपुर, रोहतास, औरंगाबाद एवं पलामू।

iv. **सोनपुर मण्डलः** सारण, वैशाली, मुज्जफरपुर, समस्तीपुर, बेगुसराय, खगड़ीया, भागलपुर एवं कटिहार।

v. **समस्तीपुर मण्डलः** समस्तीपुर, बेगुसराय, खगड़ीया, सहरसा, मधेपुरा, पुर्णिया, मुज्जफरपुर, मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण), बेतिया (पश्चिम चम्पारण), दरभंगा, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल एवं अररिया।

**नोटः** चयनित भूतपूर्व सैनिकों को यथासंभव उनके निवास स्थान के निकटतम समपार फाटक अथवा उनकी पसंद के स्थानों पर स्थित समपार फाटकों पर नियुक्त किये जाने का प्रयास किया जायेगा। जिलावार समपार फाटकों की रिक्तियों का विवरण **रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल, पटना की वेबसाइट www.rrcecr.gov.in** पर उपलब्ध है।

4. **आवेदन किस प्रकार करेंः** अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है अथवा इस अधिसूचना के साथ संलग्न प्रारुप पर आवेदन लिख कर अथवा टाइप कर **रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल, पोलसन कॉम्पलेक्स, दीघाघाट, पटना – 800011** को भेजा जा सकता है। प्रथम चरण में पात्र होने के लिए बहुत कम समय होने के कारण **अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने की सलाह दी जाती है।**

   i. **ऑनलाइन आवेदनः** अभ्यर्थी रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल, पटना की वेबसाइट www.rrcecr.gov.in पर उपलब्ध लिंक क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर अभ्यर्थी हेल्प लाईन नं0 0612–2560029 एवं 0612–2560035 पर संपर्क कर सकते हैं।

   ii. **ऑफलाइन आवेदनः** अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन के स्थान पर संलग्न प्रारुप में सादे कागज पर स्पष्ट लिखावट में अथवा टाइप करके भी अपना आवेदन डाक द्वारा अध्यक्ष, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल, पोलसन कॉम्पलेक्स, दीघाघाट, पटना–800011 के पते पर भेज सकते हैं अथवा रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ में रखे गये ड्रॉप बॉक्स में कार्यालय की कार्य अवधि के दौरान डाल सकते हैं। तथापि इस प्रकार प्राप्त आवेदनों के विलम्ब से प्राप्त होने के लिए रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ उत्तरदायी नहीं होगा। **विलम्ब से बचने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन ही करने की सलाह दी जाती है।**

5. **आवेदन शुल्कः** शून्य

6. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताः** मैट्रिकुलेशन (10वीं) अथवा समकक्ष।

7. **मानदेयः** संविदा के आधार पर गेटमैन के पदों पर नियुक्त भूतपूर्व सैनिकों को ग्रेड पे ₹1800 (लेवल–1) वेतनमान के समतुल्य मानदेय देय होगा। वर्तमान दरों पर यह राशि लगभग ₹23500 होगी।

8. **संविदा की अवधिः** संविदा की अवधि एक वर्ष होगी, जिसे अगले एक वर्ष के लिए अथवा प्रशासनिक अवश्यकता के अनुसार आगे विस्तारित किया जा सकता है। तथापि आरआरबी/आरआरसी से नियमित गेटमैन की उपलब्धता या रेलवे की आवश्यकता समाप्त हो जाने की दशा में अथवा कार्य संतोषजनक न पाये जाने की दशा में संविदा किसी भी समय समाप्त की जा सकती है अथवा 65 वर्ष की आयु पूरी करने की तिथि से सेवा स्वतः समाप्त हो जाएगी।

9. **अधिकतम आयु सीमाः** 01.01.2019 की तिथि पर 64 वर्ष।

10. **चिकित्सकीय परीक्षाः** चयनित अभ्यर्थियों का रेलवे चिकित्सालय में चिकित्सकीय परीक्षण किया जायेगा तथा ए–3 चिकित्सा श्रेणी में उपयुक्त पाये जाने पर उन्हें संविदा के आधार पर तैनात किया जाएगा।

11. **चयन का आधारः** अभ्यर्थियों का चयन उनकी सैन्य सेवा की अवधि के आधार पर किया जाएगा।

12. **कार्य के घंटे, विश्राम एवं छुट्टियॉः** अधिकतम समपार फाटक 'सी' श्रेणी के हैं जिनपर **प्रतिदिन 12 घंटे की शिफ्ट में कार्य** किये जाने का प्रावधान है। अन्य प्रकार के समपार फाटकों पर नियुक्त किये जाने की दशा में प्रतिदिन 08 घंटे की शिफ्ट में कार्य करना होगा। प्रति सप्ताह एक दिन का विश्राम देय होगा। संविदा पर तैनात भूतपूर्व सैनिकों को प्रतिवर्ष 10 दिनों का आकस्मिक अवकाश देय होगा। इसके अतिरिक्त अवकाश लेने पर मानदेय में आनुपातिक कटौती की जाएगी।

13. दिनांक 26.08.2018 तक ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट पर प्रलेख सत्यापन हेतु तिथि, समय एवं स्थान अंकित होगा। **शेष अभ्यर्थियों को प्रलेख सत्यापन की सूचना एसएमएस तथा रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पूर्व मध्य रेल के वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी।**

14. सभी अभ्यर्थी कृपया निम्न अभिलेखों की मूलप्रति एवं उनकी एक स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ प्रलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर रिपोर्ट करेगें।

i. ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट (ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए)
ii. वैध फोटो पहचान पत्र
iii. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र
iv. सेवा मुक्ति पुस्तिका (डिस्चार्ज बुक)
v. दो अदद नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ

# भूतपूर्व सैनिकों की संविदा के आधार पर गेटमैन के पदों पर भर्ती हेतु आवेदन–पत्र

रोजगार सूचना सं0: आरआरसी / ईसीआर / ईएसएम / संविदा / 2018 दिनांक:–17.08.2018

.........................................................................

अभ्यर्थी पासपोर्ट आकार का अपना नवीनतम रंगीन फोटो चिपकाएं।

1. नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में): ....................................................................
2. पिता का नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में): ....................................................
3. जन्म तिथि: ..........................................................................................................
4. आधार संख्या: ......................................................................................................
5. मोबाईल संख्या: ....................................................................................................
6. पत्र व्यवहार का पता: ...........................................................................................

   ...................................................................................................................................

   ........................................................................................ पिन: ..........................
7. शैक्षणिक योग्यता: ...............................................................................................
8. सैन्य सेवा में नियुक्ति की तिथि: ..........................................................................
9. सेवानिवृति की तिथि: ..............................................................................................
10. सैन्य सेवा की अवधि: .................. वर्ष .......................... माह .......................दिन
11. मण्डल की प्राथमिकता:

| प्रथम प्राथमिकता | द्वितीय प्राथमिकता | तृतीय प्राथमिकता | चतुर्थ प्राथमिकता | पंचम प्राथमिकता |
|---|---|---|---|---|
| .......................... | .............................. | ......................... | ...................... | ......................... |

नोट: अभ्यर्थी उपरोक्त कॉलम में अपनी प्राथमिकता के आधार पर दानापुर, धनबाद, मुगलसराय, सोनपुर एवं समस्तीपुर भरें।

स्थान: अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

दिनांक: